Need to set up Water Sports Complex and Boat Club at Mohanpura dam site in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.-laid

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) **:** मेरा लोक सभा क्षेत्र राजगढ़ (मध्य प्रदेश), केन्द्र सरकार व मध्य प्रदेश शासन के बहुआयामी प्रयासों से मोहनपुरा, कुण्डालिया डेम के माध्यम से जल संरचनाओं का निर्माण कर कृषि क्षेत्र में विगत एक दशक में आकांक्षी से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुआ है । आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के साथ उद्योग, स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में भी अनेक ऐतिहासिक संकल्प सिद्ध किये जा रहे हैं । क्षेत्र के होनहार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा 'समय-समय पर स्थानीय स्तर से मिली सुविधाओं से सम्पूर्ण प्रयास कर जलक्रीड़ा के क्षेत्र में विभिन्न स्तर पर उच्चतर स्थान बनाया है । क्षेत्र के युवाओं की अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त वृहद स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की निरंतर मांग रही है । मोहनपुरा डैम में वाटर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स व बोट क्लब के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ खेल गतिविधियों का प्रसार तो होगा ही साथ ही क्षेत्र के पर्यटन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होकर सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त डोगा । अतः क्षेत्र के युवाओं के हित में मोहनपुरा डैम स्थल राजगढ़ पर वाटर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बोट क्लब की स्थापना की स्वीकृति देकर अनुग्रहित करें ।